an>

Title: Regarding construction of a Rail overbridge at Hapur Rail Crossing.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल **(मेरठ):** माननीय सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर हापुड़ खुर्जा रेल खंड पर एक रेलवे ओवर ब्रिज निर्माणाधीन है। इस पुल का निर्माण लगभग पिछले 6 माह से अज्ञात कारणों से बंद है। जब संबंधित अधिकारियों से पूछा जाता है तो कोई सही उत्तर नहीं मिलता। कोई अधिकारी इसका कारण पुल के डिजाइन का दोषपूर्ण होना बतलाता है, कोई धन के अभाव के कारण इसका निर्माण कार्य रुके होने की बात करता है। कुल मिलाकर रेल मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही तथा उनके बीच परस्पर समन्वय तथा संवाद के अभाव में इस पुल का निर्माण कार्य रुका पड़ा है।

हापुड़ की यह रेलवे क्रॉसिंग शहर के बीच में है तथा यहां से भारी संख्या में आवागमन होता है। रेलवे पुल के अधूरे पड़े होने के कारण यहां की सड़क भी टूटी पड़ी है एवं निरन्तर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण हापुड़ के नागरिकों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि हापुड़ की समस्या का संज्ञान लेते हुए पुल के अधूरे पड़े हुए निर्माण कार्य को शुरु कराकर रेलवे ओवर ब्रिज को शीघ्र पूरा कराने का कष्ट करें। धन्यवाद।